4 एफपीओ प्राइमर : फंड को समझने और प्रबंधित करने हेतु कार्यशील पूंजी ऋण - परिचय क्य और कैसे प्रप्थ किये जाये ?

महेश अलगप्पा कंसलटेंट -APMAS

बैंक / वित्तीय संस्थानों से FPO अमूमन दो प्रकार के ऋण प्रप्थ कर सकते है।

कार्यशील पूंजी ऋण - वस्ल / सक्ल	सावधि ऋण
WCL / CCL	**TL**
(कॅश क्रेडिट लोन्स)	

परिपक्व और अच्छी तरह से स्थापित एफपीओ (FPO), जो मूल्यवर्धन, भंडारण आदि के साथ संग्रह और आउटपुट विपणन गतिविधियां कर रहे हैं, बुक डेट फाइनेंसिंग के लिए भी जा सकते हैं। लेकिन फिलहाल हम WC और TL पर ही चर्चा करेंगे।

हम इन दोनों पर विस्तार से चर्चा करेंगे और समझेंगे कि हमारे एफपीओ के सर्वोत्तम लाभ के लिए उनका उपयोग कैसे किया जाए!

कार्यशील पूंजी ऋण

कार्यशील पूंजी ऋण जिन्हें डब्ल्यूसी या सीसीएल ऋण भी कहा जाता है, मुख्य रूप से एफपीओ के दिन-प्रतिदिन के खर्चों को पूरा करने के लिए प्राप्त किए जाते हैं और यह कार्यशील पूंजी चक्र पर निर्भर होते हैं।

उदाहरण के लिए, हमारा FPO आउटपुट मार्केटिंग कर रहा है। किसानों से फसल/उपज की खरीद करते समय एफपीओ को उन्हें तुरंत भुगतान करना होगा। आउटपुट व्यवसाय के लिए एक विशिष्ट कार्यशील पूंजी चक्र यहां दिखाया गया है।

इसकी शुरुआत होती है

1. नकद - एफपीओ के पास या तो अपनी स्वयं की धनराशि (जुटाई गई शेयर पूंजी या अनुदान) होगी जिसका उपयोग व्यवसाय के लिए किया जाएगा। WC चक्र में हम इसे कॅश (रोकड़ा) कहते हैं
2. इस नकदी (इनके पास उपलब्ध धनराशि) का उपयोग करके एफपीओ किसानों को उनकी उपज का भुगतान करेगा और उत्पाद को खरीदेगा।
3. नकद/निधि का उपयोग हमाली और अन्य शुल्कों के भुगतान के लिए भी किया जाएगा।
4. हम खरीदारों तक उपज पहुंचने के लिए परिवहन के खर्चों का भी भुगतान करते हैं। कभी-कभी खरीदार इसे समायोजित कर सकते हैं और एफपीओ को यह खर्च नहीं उठाना पड़ता है।
5. उपज प्राप्त होने पर खरीदार हमें भुगतान करते हैं और इस प्रकार एफपीओ के पास नकदी या धन फिर आजाता है जिसका उपयोग वह अगले चक्र के लिए कर सकता है।



एफपीओ को आम तौर पर खरीदार से अग्रिम भुगतान नहीं मिलता है और न वे अपना किसानो को उधर पर सामान नहीं बेचते हैं। यदि हमारे पास पर्याप्त शेयर पूंजी/अनुदान निधि नहीं है, तो एफपीओ को खरीद के लिए ऋण लेने की आवश्यकता होती है। इसे, खरीदार से भुगतान प्राप्त होने के तुरंत बाद चुकाया जा सकता है।

एफपीओ को खरीद, मूल्यवर्धन और एफपीओ के अन्य नियमित खर्चों से संबंधित भुगतानों को पूरा करने के लिए इसी तरह के ऋण की आवश्यकता हो सकती है। इस तरह के ऋण की आवश्यकता साल-दर-साल होगी और खरीदारों से भुगतान प्राप्त करने के बाद इसे चुकाया जा सकता है।

इसी प्रकार इनपुट मार्केटिंग के लिए एफपीओ को बीज, उर्वरक, कीटनाशक और अन्य इनपुट प्राप्त करने के लिए धन की आवश्यकता हो सकती है जिसे वह अपने सदस्यों को बेचेगा।

इनपुट बिजनेस के लिए कार्यशील पूंजी चक्र कुछ इस तरह दिखेगा।

जैसा कि ऊपर कहा गया है, एफपीओ अपने फंड (शेयर पूंजी या अनुदान) का उपयोग आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने, उनसे इनपुट प्राप्त करने, किसानों को इनपुट बेचने और किसानों से भुगतान प्राप्त करने के लिए करेगा और इस प्रकार अगले चक्र के लिए नकद/धन का प्रयोजन होगा। .

इस प्रकार के ऋण को कार्यशील पूंजी ऋण कहते है। कार्यशील पूंजी की प्रमुख विशेषताएं हैं -

1. यह एफपीओ की प्रमुख व्यावसायिक गतिविधि और संचालन को चलाने के लिए आवश्यक होते है।
2. एफपीओ के व्यवसाय चक्र के आधार पर एक दिन से लेकर एक वर्ष तक की अल्पावधि के लिए इसकी आवश्यकता होती है।
3. एफपीओ को हमेशा कार्यशील पूंजी की आवश्यकता होगी और एफपीओ के व्यवसाय के पैमाने के साथ आवश्यक मात्रा बढ़ती रहेगी।



लर्निंग अलर्ट / सीखने की चेतावनी

एक सामान्य व्यवसाय चक्र नकद से नकद तक होती है।

आइए इसे समझाने के लिए निम्नलिखित उदाहरण लें।

श्री नल्लारेड्डी स्वामी एफपीसी की स्थापना अक्टूबर 2019 में आंध्र प्रदेश सरकार के बागवानी विभाग द्वारा प्रचारित आरकेवीवाई योजना के तहत कुरनूल जिले के गोनेगंडला मंडल में की गई थी, जिसमें APMAS एफपीओ प्रमोटर के रूप में कार्य कर रहा था। मार्च 2023 तक उन्होंने 13.60 लाख रुपये की शेयर पूंजी के साथ 544 सदस्यों को संगठित किया था । वित्त वर्ष 2022-23 तक कारोबार के प्रमुख संकेतक तालिका में दिए गए हैं;-

संकेतक	रुपये लाखों में			
	FY 2019-20	FY 2020-21	FY 2021-22	FY 2022-23
सदस्यता-संख्या	248	324	326	544
शेयर पूंजी - रु.	6.20	8.12	8.16	13.60
भंडार - रु.	1.20	0.47	0.40	3.91
टर्न ओवर - रु.	2.94	9.70	76.58	445.00
मुनाफे- रु.	1.20	0.46	-2.14	3.52

एफपीओ के कमांड क्षेत्र में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलें हैं लाल मिर्च, प्याज, कपास, मक्का, धान, मूंगफली और सब्ज़िया

प्रारंभिक वर्षों के दौरान, एफपीओ ने अपनी स्वयं की शेयर पूंजी का उपयोग किया और 2.94 लाख रुपये का मामूली कारोबार किया।

जब 2020-21 में वे उर्वरक लाइसेंस प्राप्त करने में सक्षम हुए तब अपनी शेयर पूंजी को 119% तक घुमाया / प्रयोग किया और 9.70 लाख रुपये का टर्न ओवर / कारोबार हासिल किया। 2021-22 के दौरान वे ऋण प्राप्त करने में सक्षम रहे । प्राप्त टीओ / कारोबार के आधार पर सम्मुनाती से 5.00 लाख रुपये प्राप्त किए और इसका उपयोग अपने उर्वरक व्यवसाय को बेहतर बनाने के लिए स्तमाल किया। उन्होंने अपने सदस्यों और अन्य किसानों को उर्वरक बेचा और सम्मुनाती से लिया गया ऋण चुकाने में सक्षम हुए, और 76.58 लाख रुपये का टर्न ओवर / कारोबार भी हासिल किया।

इससे प्रोत्साहित होकर 2022 के खरीफ के दौरान उन्होंने 25.00 लाख रुपये की डब्ल्यूसी सीमा के लिए नबकिसन से संपर्क किया और ऋण मिलने पर उन्होंने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अपने टर्न ओवर / कारोबार को 4.45 करोड़ रुपये तक बढ़ा लिया है।

इस प्रकार उन्होंने अपने शेयर पूंजी और कार्यशील पूंजी ऋण को 11 से अधिक बार घुमाया है !!!

लर्निंग अलर्ट / सीखने की चेतावनी

बेहतर टर्न ओवर की कुंजी कार्यशील पूंजी निधि का यथासंभव अधिक से अधिक रोटेशन में उपयोग करना है!

apmas

बैंक या वित्तीय संसथान किसी भी एफपीओ की कार्यशील पूंजी ऋण की आवश्यकता और राशि को निम्नलिखित आधार पर मूल्यांकन कराते हैं

- जो फसलें उगाई जा रही हैं, या जो गतिविधियाँ एफपीओ द्वारा की जा रही हैं
- फसल की खेती के लिए प्रति एकड़ औसत खर्च क्या है, इसे खेती की लागत के रूप में भी जाना जाता है,
- एक सीज़न / ऋतु के दौरान प्रत्येक फसल को उगने वाले सदस्यों की संख्या और एकड़
- यदि एफपीओ गैर-फसल गतिविधि जैसे कि दूह उत्पादन / डेरी / कुकुट या मुर्गी पालन कर रहा है तो डब्ल्यूसी की आवश्यकता उस खर्च की मात्रा पर निर्भर करेगी जो चारा, दवाइयां, श्रम लागत और उस चक्र को पूरा करने के लिए किए जाने वाले खर्च की मात्रा पर निर्भर करेगी। जैसे कब वह दूध के लिए भुगतान प्राप्त करता है या दूध को डेयरी उत्पाद में परिवर्तित करता है और फिर बेचते है आदि

बैंक एक वर्ष की अवधि के लिए सीसीएल-कैश क्रेडिट लिमिट के रूप में कार्यशील पूंजी मंजूर करते हैं, जबकि एफआई (जैसे सैमुनाती या नबकिसन) डब्ल्यूसीडीएल-कार्यशील पूंजी मांग ऋण के रूप में देते हैं। सीसीएल एक चालू खाता है जहां हम आवश्यकता के अनुसार कई बार निकासी कर सकते हैं लेकिन साल में एक बार शेष राशि को शून्य पर लाना होता है, जबकि डब्ल्यूसीडीएल कोई चालू सीमा नहीं है और कार्यकाल समाप्त होने के बाद पूरा भुगतान करना होता है।

पुनः, कार्यशील पूंजी ऋण के मामले में ब्याज एफपीओ द्वारा वास्तव में उपयोग की गई राशि और उस अवधि के आधार पर लागू किया जाता है । निम्नलिखित उदाहरण से उद्देश्य स्पष्ट हो जाएगी

मान लीजिए कि हमारे एफपीओ ने 10000.00 का कार्यशील पूंजी ऋण लिया। इसने कुछ रकम इस तरहे से निकला 01.0823 को 5000.00 रुपये, 07.08.23 को 2000.00 रुपये और 25.8.23 को फिर से 2000.00 रुपये की राशि निकाली है। 18.08.23 को 1000.00 और 25.08.23 को 2000.00 रुपये की कुछ रसीदें मिलीं और उसने यह राशि जमा करदिया अपने कक अकाउंट मे। अगस्त 2023 माह के लिए लागू होने वाली ब्याज की स्थिति इस प्रकार है।

कार्यशील पूंजी ऋणों में, जिन्हें सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट्स) के रूप में स्वीकृत किया जाता है, बैंक वास्तव में ली गई राशि पर और जितने दिनों के लिए लिया गया है, उस पर ब्याज लेते हैं।

	स्वीकृत राशि		10000.00		
तारीख / दिनांक	निकाली/निकाली गई राशि	भुगतान की राशि	शेष राशि (वास्तव में लिए गए ऋण की राशि)	दिनों की संख्या	ब्याज
01.08.23	5000.00		5000.00	6	7.60
07.08.23	2000.00		7000.00	11	19.51
18.08.23		1000.00	6000.00	7	10.64
25.09.23	2000.00		8000.00	6	12.16
31.08.23		2000.00	6000.00	1	1.52
			Total Days	31	**51.45**
यदि ब्याज की गणना 31 दिनों के पूरे महीने के लिए रु. 10,000.00 की कुल स्वीकृत राशि पर की जाती है					**78.56**

सीसीएल का अधिक व्यावहारिक उदाहरण भविष्य के प्रकाशनों में दिया जाएगा...
यदि किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया बेझिझक हमें लिखें...

apmas
11 & 12, HIG, HUDA Colony, Tanesha Nagar, Near Dream Valley,
Manikonda, Hyderabad - 500089, Telangana.
Phone: +91 - 8413 - 403118
Website: http://apmas.org